यूनिकोड:– यनिकोड एक कंप्यूटर फोंट है जिसमें सभी अक्षर के लिए एक विशेष अंक प्रदान किया जाता है। इसकी मदद से आप काफी भाषाओं में सरलता, सुगमता से टायपिंग कर सकते हो। यूनिकोड समर्थित फॉन्ट के लाभ:-

1. गूगल सर्च में हिन्दी में सर्च किया जा सकता है ।
2. हिन्दी में ई-मेल भेजे जा सकते हैं ।
3. हिन्दी में चैट किया जा सकता है ।
4. हिन्दी में वेब साइट या ब्लाग बनाये जा सकते हैं।
5. वर्ड और एक्सेल में बिना हिन्दी फॉन्ट डाउनलोड किये हिन्दी में टाइपिंग की जा सकती है।
6. फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल नेटवर्किग साइट पर आसानी से हिन्दी में लिखा जा सकता है।
7. यूनिकोड में लिखी किसी भी सामग्री को आसानी से दूसरी भाषा में बदला जा सकता है।

उपरोक्त कारणों से भारत सरकार द्वारा यूनिकोड को अपने सभी कार्यालयों में अनिवार्य कर दिया गया है, यहॉ तक कि नई भर्तियों के लिये अभ्यर्थियों को यूनिकोड फॉन्ट में टाइपिंग टेस्ट भी अनिवार्य कर दिया गया है।

लीला:- इस ऐप से आम लोगों को हिंदी भाषा आसानी से समझाई जा सकती है। इस ऐप को गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा सी-डैक के साथ मिलकर बनाया गया है।

कंठस्थ:- यह ऐप अनुवाद आधारित सिस्टम को दिया गया एक नाम है। इसमें मशीनसाधित अनुवाद प्रणाली से अनुवाद की प्रक्रिया में सहायता मिलती है। ट्रांसलेशन मेमोरी वस्तुतः एक डेटाबेस है जिसमें स्रोत भाषा के वाक्यों एवं लक्षित भाषा में उन वाक्यों के अनुवादित रूप को एक-साथ रखा जाता है। ट्रांसलेशन मेमोरी पर आधारित इस सिस्टम की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें अनुवादक पूर्व में किए गए अनुवाद को किसी नई फाइल के अनुवाद के लिए पुनः-प्रयोग कर सकता है ।

ई-महाशब्दकोश:- राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सी-डैक पुणे के तकनीकी सहयोग से ई-महाशब्दकोश का निर्माण किया है। इसमें अँग्रेजी का हिंदी पर्याय तथा हिंदी शब्दों का वाक्यों में प्रयोग देख सकते है। इसकी विशेषता यह भी है कि, आप हिंदी शब्दों का उच्चारण भी सुन सकते है। यह एक बहुउपयोगी शब्दकोश है।

रेल राजभाषा ऐप:- यह क्रिस द्वारा डिजायन किया गया ऐप है। इसमें राजभाषा से संबंधित विवरण, सरकारी कार्यालयों में प्रयोग होने वाले पत्रों के प्रोफार्मा, पारिभाषिक शब्दावली, द्विभाषी पदनाम, टिप्पणियां/वाक्यांश के नमूने, राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम तथा विभागीय परीक्षाओं में पूछे जाने वाले राजभाषा संबंधित प्रश्न-उत्तर शामिल हैं।

<u>गूगल इंडिक या गूगल की-बोर्ड</u>:- इस ऐप के माध्यम से गूगल कीबोर्ड की सहायता से अपनी मनपसंद भाषा में संदेश/मैसेजिंग और ब्राउजिंग का आनंद ले सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से हिंदी में मोबाइय या कंप्यूटर में टाइपिंग को सरल एवं सुगम तरीके से किया जा सकता है। गूगल के हिंदी कीबोर्ड ऐप में 10 और क्षेत्रीय भाषाओं के लिए सपोर्ट दिया गया है।

<u>गूगल अनुवाद</u>:- इस टूल्स के माध्य से आप किसी भी डोक्यूमेंट को किसी अन्य भाषा में रूपांतरण कर सकते हैं गूगल टांसलेट में आपके लिखे या बोल गए पाठ को आपकी चुनी हुई भाषा में अनुवाद करने के बाद यह उसे बोल कर भी बताता है, जिससे आप भ्ज्ञभ उसे बोल सके या सामने वाले को सुना कर उससे संवाद कर सकें। इसके लिए आपको आपके अनुवाद के नीचे "स्पीकर बटन" पर क्लिक करना होगा।

<u>गूगल इनपुट टूल्स</u>:- गूगल इनपुट टूल्स एक टाइपिंग टूल्स है। जिससे आप अपनी भाषा में कहीं भी टाइप कर सकते हैं जैसे की फेसबुक, व्हाट्सअप, ट्विटर, ब्लॉग्स, एमएस ऑफिस आदि। यह टूल्स 22 भाषाओं को सपोर्ट करता है।

<u>हिंदी वॉयस टाइपिंग</u>:- सटीक हिंदी शब्दों को टाइप करने की एक आसान विधि है। यह उन लोगों के लिए एक बहुत अच्छा विकल्प है जो बिना किसी कीबोर्ड का उपयोग किए हिंदी लिखना चाहते हैं। आप बस अपने कंप्यूटर में माइक सेट करें और बोलना शुरू करें, वॉयस टू टेक्स्ट टाइपिंग टूल आपकी आवाज को पहचान लेगा और स्वचालित रूप से हिंदी टाइपिंग शुरू कर देगा। यह टूल गूगल क्रोम पर काम करता है। इसलिए, यदि आप इस टूल का उपयोग करना चाहते हैं, तो इसे क्रोम ब्राउज़र पर उपयोग करें। वॉइस टाइपिंग के बाद, आप इसे कॉपी कर सकते हैं और एमएस वर्ड, सोशल मीडिया, टिप्पणी, हिंदी लेख आदि पर उपयोग कर सकते हैं।